# तहसील का बाबू साढ़े नौ हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## रीवा लोकायुक्त टीम ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, त्योंथर तहसील कार्यालय में गुरूवार को लोकायुक्त ने तहसील कार्यालय के बाबू को 9500 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया. आरोपी ने शिकायतकर्ता से प्रकरण का निराकरण कराने एवं प्रकरण पक्ष में कराने के एवज में 80 हजार की रिश्वत मांगी थी. जिसकी शिकायत पीड़ित ने रीवा लोकायुक्त कार्यालय में की थी.**

शिकायतकर्ता अजय मिश्रा पिता स्व. रामकृष्ण मिश्रा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम डाढाकला पोस्ट चंद्रपुर थाना जनेह तहसील त्यौंथर ने लोकायुक्त कार्यालय आकर शिकायत दर्ज कराई कि तहसील कार्यालय त्योंथर में पदस्थ बाबू अनिल त्रिपाठी द्वारा प्रकरण के निराकरण करवाने एवं प्रकरण मेरे पक्ष में करवाने के एवज में एवं बेदखली कि कार्यवाही का डर दिखा कर 80 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही है.



### सत्यापन के बाद हुई कार्रवाई

शिकायत प्राप्त होने पर सत्यापन कराया गया. शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना सही पाया गया. जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी अनिल त्रिपाठी बाबू कार्यालय तहसीलदार तहसील त्यौंथर वृत्त चाक जिला रीवा को 9500/- रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया है. आरोपी के विरुद्ध धारा 7 (क)भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया.

# पंच को वापस बुलाने का प्रस्ताव हुआ खारिज

## मझगवां के पगार कला पंचायत का मामला



नवभारत न्यूज

**सतना, 7 मई. जिले की ग्राम पंचायत पगारकला में लोकतंत्र का एक अनोखा नजारा देखने को मिला,वार्ड क्रमांक 16 के मतदाताओं ने अपने वर्तमान पंच जयकिशोर तिवारी के विरुद्ध अविश्वास जताते हुए उन्हें पद से वापस बुलाने (ऋद्गष्ड्डद्यद्य) की मांग की.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 16 के 45 मतदाताओं ने तहसील कार्यालय में आवेदन देकर पंच को पद से हटाने की मांग की थी। तहसीलदार बिरसिंहपुर द्वारा मतदाताओं के हस्ताक्षरों का सत्यापन करने के बाद, मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 21-क के तहत मतदान पूर्ण कराया गया मतदान होने के पश्चात तत्काल परिणाम की भी घोषणा की गई जहाँ प्रस्ताव पारित नहीं हुआ. इस प्रक्रिया में वार्ड के कुल 47 लोगों ने मतदान किया जिसमें 26 महिला व 21 पुरुष शामिल रहे.

### इनका कहना है

आज पगार कला में मतदान कराया गया जहाँ प्रस्ताव पारित नहीं हुआ मतदान के बाद तत्काल परिणाम की भी घोषणा कर दी गई।

**शैलेंद्र सिंह**, सीईओ
जिला पंचायत

# प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) की परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

## शहर के तीन केन्द्रों में होगी परीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना 07 मई. म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) की परीक्षा 8 मई को सतना जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में दो पाली में आयोजित की जा रही है। जिसमें आदित्य कॉलेज ऑफटेक्नोलॉजी एण्ड साइंस सतना, आदित्य कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एवं मां मीरा कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल डाली बाबा में परीक्षा आयोजित की जायेगी।**

परीक्षा का प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2.30 बजे से सायं 5.30 बजे आनलाइन परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा में अभ्यर्थियों की रिपोटिंग का समय प्रथम पाली प्रात: 7 बजे से प्रात: 8.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा सहायक समन्वयक, प्रशासनिक आब्जर्वर, उडनदस्ता दल तथा आब्जर्वर का गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए अपर कलेक्टर विकास सिंह को सहायक समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते को परीक्षा प्रभारी, डीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह को सुरक्षा समन्वयक एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, नायब तहसीलदार राजेश सिंह को प्रशासनिक आब्जर्वर नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार मनोहर इंजीयर एनआईसी, डॉ. पुष्पराज सिंह, अक्षत शर्मा, ऋषभ देव साकेत, गरिमा सिंह आईटीआई, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह को तकनीकी आब्जर्वर, रामलखन वर्मा को सहायक ग्रेड-2, दयाराम वर्मा को शाखा प्रभारी, मानेन्द्र सिंह को जिला नाजिर, आकाश यादव एवं सचिन विश्वकर्मा को पेपर जमा हेतु तथा रोशन वर्मन को भृत्य बनाया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं।

### हर केन्द्र में तैनात रहेंगी महिला पुलिस कर्मी

पुलिस अधीक्षक को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में 3 पुलिस गार्ड, 2 पुरुष एवं 1 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने, डीएसपी स्तर के अधिकारी को मानीटरिंग हेतु सुरक्षा समन्वयक नियुक्त करने के निर्देश दिये है। सीएमएचओ को परीक्षा में बैठे छात्रों के लिए मेडीकल टीम सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित करने और अधीक्षण यंत्री एमपीईबी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में विद्युत व्यवस्था/प्रवाह सतत रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करने का दायित्व सौपा गया है।

# चुरहट से सिहावल मार्ग के चौड़ीकरण को मिली स्वीकृति

**सीधी, 7 मई.** मध्य प्रदेश शासन द्वारा चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के प्रयासों से चुरहट से सिहावल मार्ग के चौड़ीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत होने वाले इस कार्य में चुरहट से अमिलिया और सिहावल तक लंबाई कुल 64.54 किलोमीटर मार्ग के निर्माण हेतु 170 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त राशि स्वीकृत होने के बाद अब भू अर्जन की कार्रवाई शुरू होने की संभावना है

# महारानी लक्ष्मीबाई उमा विद्यालय के प्राचार्य निलंबित

## कलेक्टर के प्रतिवेदन पर संभागायुक्त ने जारी किया आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना,7 मई. संस्था के शिक्षकों को प्रताड़ित करने, सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वत्वों के भुगतान में राशि की मांग करने और अतिथि शिक्षकों से अनुलाभ प्राप्त करने जैसी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर सतना के प्रतिवेदन पर संभागायुक्त रीवा द्वारा आदेश जारी करते हुए शासकीय उमावि एमएलबी के प्राचार्य विश्वनाथ प्रसाद शुक्ला को निलंबित कर दिया गया.**




प्राचार्य के विरुद्ध गंभीर शिकायतें सामने आने पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जांच कराई गई. जांच में पाया गया कि प्राचार्य श्री शुक्ला द्वारा सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक विजय शंकर पाण्डेय और श्रीमती करुणा मिश्रा के स्वत्वों को जानबूझकर एवं प्रतिकूल आशय से भुगतान नहीं किया. इसी कड़ी में शासकीय उमावि संस्कृत सोहावल के प्राचार्य पद पर रहते हुए श्री शुक्ला द्वारा अतिथि शिक्षक शैलेंद्र कुमार तिवारी से 5 हजार रु फोन-पे के माध्यम से अपने खाते में डलवाए थे. इतना ही नहीं बल्कि गलत परीक्षा परिणाम की जानकारी देकर अतिथि शिक्षक को कार्य से पृथक कर दिया गया. संस्था में पदस्थ शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और कथनों के जरिए प्राचार्य श्री शुक्ला के विरुद्ध प्रताड़ना और राशि की मांग किए जाने के आरोप प्रमाणित पाए गए. वहीं दूसरी ओर प्राचार्य श्री शुक्ला ने जांच टीम को न तो काई दस्तावेज उपलब्ध कराए और न ही जांच में किसी प्रकार का सहयोग किया.

### जांच टीम के प्रतिवेदन पर हुई कार्रवाई

जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन को कलेक्टर द्वारा संभागायुक्त रीवा बी एस जामोद के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया. जिसे घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता माना गया. जिसके आधार पर संभागायुक्त ने आदेश जारी करते हुए प्राचार्य श्री शुक्ला को निलंबित कर दिया. निलंबन अवधि में श्री शुक्ला का मुख्यालय कार्यलय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सतना नियत किया गया है.

# तुलसी मार्ग से मिक्सर मशीन चोरी करते युवक धराया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 मई। बैढ़न कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसी मार्ग क्षेत्र में दिनदहाड़े मिक्सर मशीन चोरी की घटना सामने आई है,जहां एक युवक मिक्सर मशीन लेकर संदिग्ध हालत में भाग रहा था, जिसे स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया।**

बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था और मिक्सर मशीन चोरी कर भागने की फिराक में था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर आसपास मौजूद लोगों ने उसे रोककर पूछतांछ की। जहां उसने सही जवाब नही दिया। जिसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि तुलसी मार्ग स्थित मस्जिद के पास नीरज शाह नामक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा। उपस्थित लोगों ने बताया मित्तल की दुकान से मिक्सर मशीन खरीदकर तुलसी मार्ग में गाड़ी खड़ी कर वाइक के ऊपर मिक्सर मशीन रखकर सामान लेने चला गया, सामने दुकान में जहाँ से लौटकर आते मिक्सर मशीन गायब देख ढूंढने की कोशिश की गई, जहां मिक्सर मशीन को ले जाते हुए पकड़ा गया युवक, मिक्सर खरीदकर पिपरा कुरंद की ओर जा रहा था उस दौरान मिक्सर ग्राइंडर लेकर भाग रहा था, जिसे पकड़ लिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि आरोपी पूर्व में भी चोरी की अन्य घटनाओं में शामिल होने की अंदेशा जताया जा रहा है।





# बरगवां में लूट करने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

## लूट व मारपीट के थे आरोपी

नवभारत न्यूज

**बरगवां 7 मई। जिले के थाना बरगवां पुलिस ने बीते दिनों लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी, आधार कार्ड, पेन कार्ड और पर्स बरामद किया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी शिवेंद्र कुमार तिवारी निवासी ग्राम हरफरी थाना चितरंगी ने 5 मई को बरगवां थाने में तहरीर दी थी कि 4 मई की रात करीब 8 बजे बरगवां क्षेत्र में तीन युवकों ने उसके साथ मारपीट कर 4800 रुपए नकद, आधार कार्ड, पेन कार्ड और पर्स छीन लिया। साथ ही आरोपियों ने आधार कार्ड से अंगूठा लगवाकर 4500 रुपए भी निकाल लिए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षक मो. समीर ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6)के तहत प्रकरण कायम किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी कमलेश साकेत उर्फ लक्की पिता भैयाराम साकेत, सुमित कुमार साकेत पिता रामाधार साकेत दोनों निवासी बरहवाटोला तथा विकास कुमार साकेत पिता भगवान दास साकेत निवासी धौडर हाल बरहवाटोला को हिरासत में लेकर पूछतांछ की। वहीं पुलिस की पूछतांछ में आरोपियों ने जुर्म कबूला और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने लुटे गए 9300 रुपए नकद सहित दस्तावेज बरामद किए गए। बाद में तीनों को न्यायालय में पेश कर जिला जेल बैढ़न भेज दिया गया।

# मेडिकल कॉलेज में जल संकट गहराया, छात्रों ने खोला मोर्चा

## करोड़ों के मेडिकल कॉलेज में पानी के लिए मोहताज छात्र

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 मई. बाल्टियों में पानी भरकर ऊपरी मंजिलों तक पहुंचाने को मजबूर छात्र, पीने के पानी के लिए बाहर से बोतलें खरीदते रेजिडेंट डॉक्टर और बार-बार फटती पाइपलाइन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना में गहराए जल संकट के खिलाफ गुरुवार को छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों का आक्रोश खुलकर सामने आया.**



जल आपूर्ति न होने से परेशान छात्रों ने मेडिकल कॉलेज परिसर और कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया इसके साथ ही समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई. गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज परिसर में पिछले कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है. और अब पाइपलाइन फटने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई, जिस के कारण हॉस्टल में रहने वाले सैकड़ों छात्र, रेजिडेंट डॉक्टर और उनके परिवार वालों को मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. महाविद्यालय में पढ़ने वाले प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बताया कि पानी की कमी को पूरा करने के लिए संस्थान से संबंधित कर्मचारियों द्वारा पानी का टैंकर उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन 10 मंजिला महाविद्यालय की ऊपरी मंजिलों तक पानी ले जाना बड़ी समस्या बना हुआ है छात्रों के अनुसार पीने के पानी के लिए भी बाहर से बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं. इसके साथ ही छात्रों ने बताया कि इस संबंध में 4 मई के दिन कॉलेज प्रबंधन को लिखित आवेदन भी सौंपा गया था.आवेदन में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने उल्लेख किया कि मुख्य पाइपलाइन बार-बार फटने के कारण पिछले कई दिनों से जल संकट बना हुआ है.

### समस्या से जूझ रहे 650 लोग

मेडिकल कॉलेज के छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों ने बताया कि इंटरनल पाइपलाइन फूटने के कारण पूरे परिसर में पानी की सप्लाई ठप हो गई है. बीते शुक्रवार रात से पानी नहीं आ रहा, हालात ऐसे हैं कि लोगों को बाल्टियों में दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जबकि पीने के लिए बाहर से बोतलबंद पानी खरीदना मजबूरी बन गया है. गौरतलब है कि कॉलेज परिसर में करीब 650 लोग इस जलसंकट से प्रभावित हैं. इनमें 450 से अधिक छात्र-छात्राएं और रेजिडेंट डॉक्टर हैं, जबकि करीब 200 परिवार भी इसी परिसर में रहते हैं.

### प्रेशर से पाइप फटना आम बात



इस पूरे मामले में महाविद्यालय प्रबंधन ने स्वीकार किया कि परिसर की पाइपलाइन की गुणवत्ता खराब हो चुकी है, जिसके कारण वह बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती है.प्रबंधन की ओर से बताया गया कि पाइपलाइन बदलने और स्थायी समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को भेज दिया गया है.इस संबंध में कलेक्टर से भी चर्चा की जा चुकी है और आवश्यक स्वीकृति के लिए आवेदन दिया गया है. प्रबंधन का कहना है कि फिलहाल क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करा दी गई है लेकिन पुरानी पाइपलाइन के कारण भविष्य में दोबारा समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है.

# कलेक्टर ने धनहा तालाब का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 मई। कलेक्टर गौरव बैनल ने देवसर क्षेत्रांतर्गत स्थित धनहा तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तालाब की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देशित किया दिए।**

कलेक्टर ने कहा कि तालाब के संरक्षण एवं विकास से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के आसपास स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए हरियाली विकसित की जाए तथा आवश्यकतानुसार बैठने एवं प्रकाश व्यवस्था भी की जाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत देवसर के अध्यक्ष प्रणव पाठक, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा, जिपं अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने बालिका को सोन नदी पुल से सुरक्षित बचाया

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 मई. थाना कमर्जी पुलिस की संवेदनशीलता से बड़ी घटना टल गई और नाबालिक बालिका को सुरक्षित बचाया गया।**

थाना कमर्जी पुलिस द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए एक नाबालिक बालिका की जान बचाई गई। पुलिस के अनुसार दिनांक 07 मई 2026 को प्रात:काल कुछ राहगीरों द्वारा सूचना दी गई कि सोन नदी स्थित गऊघाट पुलिया पर एक नाबालिक बालिका संदिग्ध अवस्था में घूम रही है तथा उसके द्वारा पुलिया से नीचे कूदने जैसा कदम उठाए जाने की आशंका है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना कमर्जी पुलिस तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। थाना कमर्जी से बीट प्रभारी प्रधान आरक्षक दयानंद एवं डायल-112 में तैनात आरक्षक सुनील डाबर तत्काल घटनास्थल पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की सहायता से बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि बालिका घरेलू बातों एवं भावनात्मक तनाव के कारण मानसिक रूप से व्यथित थी। परिवार से संबंधित एक व्यक्तिगत विषय को लेकर वह अचानक आक्रोश एवं भावनात्मक आवेश में घर से निकल गई थी तथा सोन नदी पुलिया से नीचे कूदकर आत्मघाती कदम उठाने का मन बना चुकी थी। पुलिस टीम द्वारा अत्यंत धैर्य, समझदारी एवं मानवीय संवेदनशीलता के साथ बालिका की काउंसलिंग की गई, जिससे वह सामान्य हुई और सुरक्षित रूप से परिजनों के साथ जाने के लिए तैयार हुई। तत्पश्चात बालिका को उसके पिता के सुपुर्द किया गया। साथ ही परिवार को आवश्यक समझाइश दी गई एवं बालिका की आगे वन स्टॉप सेंटर तथा बाल कल्याण समिति, सीधी के माध्यम से काउंसलिंग कराए जाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। थाना कमर्जी पुलिस की इस त्वरित, सजग एवं संवेदनशील कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस की इस मानवीय पहल ने एक नाबालिक का जीवन सुरक्षित कर परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है।

### लापता किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

सिंगरौली. 30 अप्रैल को घर से बिना बताए लापता किशोरी को पुलिस ने तलाश कर आज परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। नवानगर पुलिस ने अपहत बालिका के मामले में अपराध पंजीबद्ध की थी। वहीं टीआई अनिल कुमार पटेल ने किशोरी के तलाश के लिए टीम गठित किया था। थाना प्रभारी नवानगर निरीक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल के अनुसार एक किशोरी लापता हो गई थी। परिजनों के रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा धारा 137(2)बीएनएस का अपराध दर्ज करते हुये अपहत बालिका सोनाली (परिवर्तित नाम) उम्र 15 वर्ष 9 माह की पता तलास के लिए टीम गठित कर पता तलास किया गया। जहां नवानगर पुलिस टीम को अपहत बालिका को ग्राम नवानगर थाना नवानगर से दस्तयाब किया गया। जिसे उसके माता .पिता को सुपुर्द किया गया।

# क्षेत्र के 25 तालाबों का अदाणी एवं हिंडालको समूह करेगा जीर्णोद्धार

## कलेक्टर ने देवसर में की जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा, पीएम जनमन योजना के कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**देवसर 7 मई। कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा मंगल भवन देवसर में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पीएम जनमन योजना की विस्तृत समीक्षा की।**



बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभयान की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि आगामी मानसून को देखते हुए जिले के चिन्हित तालाबों के गहरीकरण का कार्य आने वाले सोमवार से अनिवार्य रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तकनीकी अमले के साथ समन्वय कर कार्यस्थल का निरीक्षण करें, ताकि वर्षा जल संचयन के लिए समय रहते पर्याप्त व्यवस्था की जा सके। इसके साथ ही तालाबों के किनारों पर व्यापक वृक्षारोपण की योजना भी बनाई जायें। कलेक्टर ने जिलें में कार्यरत औद्योगिक कम्पनी आदाणी समूह को सीएसआर मद से 15 तालाबो का जीर्णोद्धार तथा हिन्डालको को अपने सीएसआर मद से जिले के 10 का जीर्णोद्धार कराने के भी निर्देशित किया। जिसके तहत संबंधित कम्पनियों द्वारा तालाबो के जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए भी कार्य योजना तैयार करने के निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों की तकनीकी कारणों या दस्तावेजों की कमी की वजह से आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, वहां विशेष शिविर आयोजित किए जायें। इन शिविरों के माध्यम से ई-गवर्नेंस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करेगी। बैठक के दौरान जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय




नवभारत में आज गुरूवार को पीएम जनमन योजना के मामले में खबर प्रकाशित हुआ। जहां देवसर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक लेते हुये कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना पीएम जनमन की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लाभार्थियों को मिलने वाली किश्तों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आवास निर्माण के प्रत्येक चरण के पूर्ण होते ही अधिकारियों को भौतिक सत्यापन करने और तुरंत अगली किश्त जारी करने के निर्देशित किया।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99